# न्यूज़ BRIEF

### हम अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति में भूखों को भोजन करवाते है तो ईश्वर वहां उन्हें पंच पकवान, कर्म अनिश्चित है, लेकिन फल निश्चित है



**बाग।** स्व. श्री शोभाराम जी कोकनें (बाग वाले) की पुण्यतिथी पर उनके पुत्र रमेश कोकनें, सुरेश कोकनें, संतोष कोकनें, अनिल कोकनें, सुनील कोकनें एवं कोंकने परिवार बाग द्वारा दीनदयाल अंत्योदय रसोई केंद्र बड़वानी में जरूरतमंद, बेसहारा, बुजुर्गों व अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों हेतु भोजन प्रसादी बनवाकर जरुरतमंदो को वितरित करवाया। ईश्वर स्व. श्री शोभाराम जी कोकनें को मोक्ष प्रदान कर परिवार को सुख समृद्धि, यश प्रदान करने की प्रथना के साथ इस सराहनीय पहल के लिए कोकनें परिवार बाग का लायंस क्लब बड़वानी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### विद्युत विभाग के नवलभाई हुए रिटायर



**बाग।** विधुत मंडल विभाग के कर्मचारी 62 वर्षीय नवलसिह मुझाल्दा ने विद्युत वितरण कंपनी के 42 वर्ष पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त पर समाजजनो, विभाग कर्मचारी और इष्ट मित्र के संग विघुत कार्यालय से उनके निवास पर जुलूस के रूप में विदाई दी गई। उनका विदाई समारोह के उपलक्ष मे आयोजित कार्यक्रम में विभाग के जे ई लोकेन्द्र पटेल ने कहा कि शासकीय कर्मचारी का काम होता हे आम जन की समस्याओं को दूर करना है उस नागरिक को संतुष्ट करना हमारे विभाग के इस काम में नवलभाई काफी माहिर थे, काम के प्रति उनकी लगन शिलता देखकर मैंने भी जीवन में उनसे बहुत कुछ सीखा है। उक्त कार्यक्रम में नगर के पत्रकार साथियों के साथ परिवार जनों इष्ट मित्र एवं विभागीय कर्मचारी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सहभागिता। कार्यक्रम के बाद सहभोज का भी आयोजन रखा गया था।

# धार की ट्विंकल दीपक जैन ने किया यूपीएससी में प्रदेश में टॉप




## परिवार व ईस्ट मित्रों ने मिठाई बांटकर खुशियां मनाई

धार से राजीव जोशी। धार के प्रतिष्ठित नाकोड़ा सीडी होम फर्म के इलेक्ट्रानिक व्योवसायी दीपक जैन की बिटिया टिवंकल जैन ने सिविल सर्विसेस परिक्षा में आल इण्डिया रेंक 138 लाकर मध्यप्रदेश में टॉप किया।

मध्यम वर्ग परिवार से आई ट्विंकल ने दसवीं कक्षा से ही अपना मन बना लिया था की उसे इंजीनियर, डॉक्टर नहीं बनाना उसे सिविल सर्विसेस परीक्षा पास कर आईएएस या आईपीएस बनाना है। दिल्ली के जैन समाज के सिविल सर्विसेस इंस्टीट्यूट में प्रवेश परिक्षा पास करने के बाद वहा रहकर चार साल अथक मेहनत के बाद ट्विंकल ने पहले प्री फिर मेन्स और दूसरी बार साक्षात्कार में पास होकर पुरे देश में 138 वे स्थान पर रहीं।

ट्विंकल बताती है कि सिविल सर्विसेस परीक्षा पास कराना बहुत कठिन हे सफलता हेतु कई पढ़ाव पार करने होते है आपको मानसिक और शारीरिक रूप से मज़बूत रहकर हर परिणाम को सकारात्मक रूप से स्वीकार कराना होता है, ज्यादा उत्साह और थोड़ी सी निराशा आपको पिछे ढकेल देती है। वो अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और मैडम को देती है जिन्होंने उसे हर परिस्थिति में मजबूती से आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। ट्विंकल की इस उपलब्धि पर परिवार में जश्न का माहोल था उनके पारिवारिक मित्र राजीव जोशी, सन्तोष मालवीय, नरेंद्र माकवे एवं शुभप्रभात मित्र मंडल के सदस्यो ने उनके घर पहुंचकर पुष्प गुच्छ देकर मीठाई खिलाकर बधाई दी।



# महाराणा प्रताप की शोभायात्रा का स्वागत विक्रम वर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया

**धार। नगर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज स्थानीय मोहन टॉकीज चौराहे पर राजपूत समाज द्वारा निकाले गए महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष में एक चल समारोह का स्वागत पूर्व केंद्रीय श्री विक्रम वर्मा के नेतृत्व में किया गया। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर चल समारोह का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।**





इस अवसर पर भाजपा संभागीय सह मीडिया प्रभारी ज्ञानेंद्र त्रिपाठी,धार नगरपालिका उपाध्यक्ष कालीचरण सोनवानिया, नेता प्रतिपक्ष अजय फकीरा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कुसुम सोलंकी, केसरीमल सेनापति मंडल अध्यक्ष विपिन राठौर,कुशाभाऊ ठाकरे मंडल अध्यक्ष नितेश अग्रवाल, नगर महामंत्री जयराज देवड़ा व परसराम चौहान, वरिष्ठ नेता शिव पटेल, प्रकाश टामकिया, युवा मोर्चा पूर्व नगर अध्यक्ष देवेंद्र रावल, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष द्रुव करण पटेल, मनीष मकवाना, पिछड़ा मोर्चा नगर अध्यक्ष मुन्ना लाल राठौर व महेश बोडाने, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष डाली जाधव, पार्षद राजेश सिसोदिया, अर्पित पटोन्दिया, बादल मालवीय, लकी सिसोदिया, कमलेश बिजवा, इकराम मामू आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कुक्षी की बेटी सिद्धि बड़जात्या ने बढ़ाया धार जिले में गौरव

## 52 किग्रा वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल किया अपने नाम नगर वासियों ने किया सिद्धि का सम्मान

**ईफराज कुरैशी, कुक्षी। कुक्षी नगर में आयोजित धार जिला स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग चेम्पियनशिप प्रतियोगिता (सब जूनियर) 52 किलो वर्ग (त्वद्वह्य) में सामाजिक कार्यकर्ता एवं व्यवसाई रूपेश बड़जात्या की पुत्री सिद्धि बड़जात्या ने सभी प्रतिभागियों को पछाड़ कर प्रथम स्थान प्राप्त कर कुक्षी नगर को गोरान्वित करने के साथ ही सम्पुर्ण धार जिले का भी गौरव बढ़ाया है।**

सिद्धि की इस उपलब्धि पर मंच पर आसीन वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश धाड़ीवाल न.प.उपाध्यक्ष लोकेश सरदार पार्षद संजय सिर्वी समाज सेवी उमेश चौकसी सहित हर्षित मुकाती ने गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिम ट्रेनर दिप शाह ने बताया कि प्रतियोगिता में जज शुशील कुमार वाजपेयी इंदौर थे व अंपायर अंकित चौहान आष्टा थे ट्रेनर दिप शाह ने आगे बताया कि सिद्धि बड़जात्या का नाम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ है प्रतियोगिता में जिले भर से 40 प्रतियोगियों ने भाग लिया था नगर की इस प्रतिभावान बेटी की इस उपलब्धि पर जिम ट्रेनर वंशिका पाटीदार राजप्रकाश पहाड़िया डॉ निर्मल पाटीदार महिमराम पाटीदार ओपी पाटीदार राजेश बड़जात्या भूपेन्द्र वर्मा विनोद माली मनीष सेठी मुकेश बड़जात्या नीलेश बड़जात्या सुमित सोनी प्रवीण चौकसी निरंजन सोनी आदि ने बधाई दी।






# नगर के नाम इतिहास रचा गया





**मनावर।** परम सौभाग्य से महामांगलिक प्रदाता आचार्य श्री विश्वरत्नसागरसूरिश्वरजी म. सा. का सानिध्य श्री श्वेताम्बर जैन श्रीसंघ **मनावर को प्राप्त हुआ। देश के हर कोने से गुरुदेव पर असीम श्रद्धा रखने वाले भक्तों का जैसे सैलाब सा आ गया। निमाड़ की धधकती गर्मी में भी भक्त घंटो गुरु के अमृत वचनों से तृप्त होते रहे। एक ही जाजम पर बिना भेद के साधारण से व्यक्ति से लेकर अरबपति उद्योगपति, नगर के नेता से लेकर प्रदेश व देश की राजनीति में अपना प्रभाव रखने वाले जननायक सब बराबर थे।**

अद्भुत, अद्वितीय, अलौकिक प्राचीन मंत्रो का महान तपस्वी गुरुदेव के मुखारविंद से समस्त कष्टो का निवारण करने वाली क्रियाओं के साथ महामांगलिक का श्रवण करना हर उपस्थित व्यक्ति के लिए सौभाग्य बन गया। वास्तविकता में नव संत रत्न गुरुदेव श्री नवरत्नसागरसूरिश्वरजी म. सा. के नव रत्न है। गुरुदेव श्री विश्वरत्नसागरसूरिश्वरजी अनन्त ऊर्जा के स्वामी और वाणी के जादूगर हैं। मनावर समाज समग्र संतो में अपनी समन्वयता के लिए जाना जाता हैं और आज का सफल आयोजन समाज के एकता व पुरुषार्थ से मिल का पत्थर हो गया। महामांगलिक के विशाल आयोजन में मध्य प्रदेश के अलावा राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र से आए अनुयायी बड़ी संख्या में मनावर पहुंचे। कार्यक्रम मे नवरत्न परिवार राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश जैन (डग वाले), सुधीर जैन, राजेश पोषीत्रा, सांसद प्रतिनिधी हैमंत खटोड, आकेश नवलखा, अंतीम खटोड थे! समाज द्वारा मध्यप्रदेश उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, डॉ. हीरालाल अलावा विधायक, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालमुकुंद गौतम, मनोज गौतम, पुष्पा भण्डारी, अभीषेक, सचिन भण्डारी का बहुमान ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष रमेशचंद खटोड़, सुमित खटोड़ प्रवीन ओरा ने किया। महामंगलीक कार्यक्रम के आयोजक जैन श्वेताम्बर सकल श्री संघ मनावर है और स्वामीवात्सल्य अतिथि सेवा का लाभ पुष्पा भंडारी के पुत्र सचिन अभिषेक भंडारी परिवार ने लिया। राजस्थान जोधपुर के भजन गायक तुषार मंडल ने ग्रुप भजनों की आकर्षक प्रस्तुति दी।

# भगोरिया जैसे उत्सवी माहौल में मना सेवानिवृत्त समारोह, घुंघट की ओट में पहुंची महिलाएं

डही (निप्र)। नगरीय निकाय क्षेत्र डही अंतर्गत स्थित शासकीय उत्कृष्ट उमावि के प्राचार्य प्रदीप सिंह सस्त्या के सेवानिवृत्त समारोह में भगोरिया जैसा उत्सवी माहौल रहा। इस ऐतिहासिक सेवानिवृत्त समारोह में सैकड़ों नागरिकों की मौजूदगी में आदिवासी महिलाएं घुंघट की ओट में पहुंची। ढोल की थाप पर थिरकते हुए मोहल्लेवासी व रिश्तेदार जुलूस की शक्ल में नगर के विभिन्न मार्गो से श्री सस्त्या के निवास धरमराय रोड़ पहुंचे।

जहां उत्सवी माहौल में ढोल पर लगी थाप पर थिरकन लगी तो डीजे पर बज रहे गीत-संगीत पर युवाओं के कदम थिरकते रहे। निवास स्थान पर श्री सस्त्या के स्वागत के लिए सैकड़ों नागरिक जुटे। यहां राजेंद्र डावर, बहादूर सिंह वर्मा, रणसिंह जमरा, ओंकारसिंह जमरा, डॉ. दुर्गेश वर्मा सहित अन्य लोगों ने श्री सस्त्या को तीर कमान भेंट कर स्वागत व सम्मान किया।

### जिस विद्यालय में पड़े वहीं प्राचार्य के रूप में सेवानिवृत्त हुए, गौरवमयी रहा कार्यकाल

इसके पूर्व स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट उमावि में संकुल डही के शिक्षकों की मौजूदगी में प्राचार्य प्रदीपसिंह सस्त्या के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित हुआ। यहां आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बीईओ सतीशचंद्र पाटीदार उपस्थित थे। अध्यक्षता संस्था के पूर्व प्राचार्य दयाराम बोंदर ने की। बीआरसी मनोज दुबे, कन्या उमावि के प्राचार्य अरुण कुशवाह, पूर्व प्राचार्य व व्याख्याता शांतिलाल गुप्ता, मप्र ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय मीडिया प्रभारी इरफान मंसूरी, ब्लॉक अध्यक्ष सरुपचंद मालवीय, उमावि पड़ियाल के प्रभारी प्राचार्य सीएस मंडलोई, उमावि अराड़ा के प्रभारी प्राचार्य अशोक चौंगढ़, संकुल डही के जनशिक्षक सूरतसिंह सस्त्या, प्रताप अहोरिया, प्रधान पाठक मंजीलाल जामूने सहित संस्था के शिक्षक बलराम मालवीय, कुंतीलाल डामरे, सचिन एस्के, विजेन्द्र डावर, नरेश सोनी, किरण मुझाल्दा आदि उपस्थित थे। संचालन शिक्षिका शीबानाज खान व शर्मिला भिड़े ने संयुक्त रूप से किया।






## Shree Pacetronix Ltd.

CIN: L33112MP1988PLC004317
**Regd. Office:** Plot No.15, Sector II, Industrial Area, Pithampur, Dist. Dhar (M.P.) 454775
**Tel No.** 07292-411105, **Fax No.** 07292-400418
**E-mail:** pacetronix@hotmail.com **website:** www.pacetronix.com

**STANDALONE/CONSOLIDATED AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2022**

(Rs. In Lakhs Except EPS)

| Sr. No. | Particulars | Standalone | | | | | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Year Ended | | Quarter Ended | | | Year Ended | |
| | | 31.03.2022 | 31.12.2021 | 31.03.2021 | 31.03.2022 | 31.03.2021 | 31.03.2022 | 31.12.2021 | 31.03.2021 | 31.03.2022 | 31.03.2021 |
| | | (Audited) | (Unaudited) | (Audited) | (Audited) | (Audited) | (Audited) | (Unaudited) | (Audited) | (Audited) | (Audited) |
| 1 | Total Income from operation (Net) | 235.11 | 219.12 | 215.68 | 909.20 | 760.76 | 239.97 | 222.34 | 215.92 | 930.16 | 761.38 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (Before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 36.66 | 7.15 | 11.44 | 88.49 | 31.03 | 41.24 | 9.89 | -1.23 | 106.05 | 13.19 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (After Exceptional and/or Extraordinary items) | 36.66 | 7.15 | 11.44 | 88.49 | 31.03 | 41.24 | 9.89 | -1.23 | 106.05 | 13.19 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 27.08 | 5.26 | 5.11 | 65.21 | 18.35 | 30.30 | 7.28 | -4.11 | 78.08 | 5.30 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit /(Loss) for the period after tax and Other Comprehensive Income(after tax)] | 27.08 | 5.26 | 5.11 | 65.21 | 18.35 | 30.30 | 7.28 | -4.11 | 78.08 | 5.30 |
| 6 | Equity Share Capital | 359.94 | 359.94 | 359.94 | 359.94 | 359.94 | 359.94 | 359.94 | 359.94 | 359.94 | 359.94 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | | | | 296.77 | 229.76 | | | | 283.24 | 203.36 |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10 each) (for continuing and discontinued operations) | | | | | | | | | | |
| | (a) Basic (in Rs.) | 0.75 | 0.15 | 0.14 | 1.81 | 0.51 | 0.84 | 0.20 | -0.11 | 2.17 | 0.15 |
| | (b) Diluted (in Rs.) | 0.75 | 0.15 | 0.14 | 1.81 | 0.51 | 0.84 | 0.20 | -0.11 | 2.17 | 0.15 |

**Note:**
1. The above is an extract of the detailed Statement of Standalone/Consolidated Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The Full Statement of Standalone/Consolidated Financial Results are available on the stock exchange website (www.bseindia.com) and on company website (www.pacetronix.com).
2. The above result of the Company has been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (IND-AS) as prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 as amended.

**For SHREE PACETRONIX LIMITED**
**Sd/- Atul Kumar Sethi**
**Managing Director**
**(DIN: 00245685)**

**Date: 30th May 2022**
**Place: Pithampur**